- केन्द्र सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र से पहले कल सर्वदलीय बैठक बुलाई।

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पंचायतों के विकास के लिये सरपंचों से दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ काम करने का आव्हान किया।

- राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी– एन टी ए ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी का केन्द्रवार परिणाम अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया।

- प्रदेश में आज भी कई जगह अच्छी बारिश हुई–मौसम विभाग ने पूर्वी राजस्थान में कल से 3 दिनों तक बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी की संभावना जताई।

000

केन्द्र सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र से पहले कल सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी विपक्षी दलों से सहयोग का अनुरोध करेगी। बजट सत्र अगले महीने की 12 तारीख तक चलेगा। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को लोकसभा में आम बजट पेश करेंगी। नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला बजट होगा।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पंचायतों के विकास के लिये सरपंचों से दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ काम करने का आव्हान किया है। आज जयपुर में सरपंच सम्मान समारोह में ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि गांवों के विकास से ही देश का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतें अपनी आय के साधन बढ़ाने पर भी काम करें।

-----------------

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर की हिंगोनिया गौशाला में आयोजित एक कार्यक्रम में पौधारोपण कर 'एक पेड़ गौमाता के नाम' अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण और प्रकृति की रक्षा करना हमारी संस्कृति रही है। उन्होंने कहा कि पेड़ों का कटना, नदियों का सूखना और पहाड़ों का कम होना पर्यावरण के लिए बड़ा घातक है।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण के लिए सभी को वृक्ष लगाकर उनको पालने और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 7 अगस्त को हरियाली तीज पर एक दिन में प्रदेश में 1 करोड़ पौधे लगाए जायेंगे। मुख्यमंत्री ने युवाओं का आह्वान किया कि वे अन्य कामों के साथ समाज, प्रदेश और राष्ट्र के प्रति भी अपने दायित्व को निभाने का कार्य करे। उन्होंने कहा कि किसी राष्ट्र की पहचान विचार से बनती है।

-----------------

समारोह में गौपालन और पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत, मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, ग्रेटर निगम महापौर, सौम्या गुर्जर सहित कई विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी आज पौधा रोपण के कार्यकम हुए। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जयपुर में सप्त शक्ति कमान के कमाण्डर लेफ्टिनेन्ट जनरल मनजिन्दर सिंह ने पौधा रोपण कया। जालौर के पूजाजी गेनाजी स्टेडियम में स्वायत्त शासन विभाग की ओर से मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत ''वृक्ष मेरा परिवार, एक पेड़ माँ के नाम'' थीम पर 300 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कोटपूतली–बहरोड जिले के बानसूर में वृक्षारोपण जागरूकता अभियान के तहत अब तक डेढ़ लाख पौधे लगाये जा चुके हैं। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत सांचौर जिले में कारोला स्थित विद्युत विभाग के सब ग्रिड स्टेशन कार्यालय, सुथाना ग्राम पंचायत, रानीवाड़ा की कागमाला ग्राम पंचायत तथा सांचौर शहर स्थित सरकारी स्कूल में नागरिकों ने वृक्षारोपण किया गया।

केकड़ी में बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। "वृक्ष लगाओ, जीवन बचाओ" का नारा देते हुए 15 छायादार और छायादार वृक्ष लगाए।

000

राज्य सरकार ने सांचौर जिले में फर्जी आधार कार्ड मामले की सीबीआई जांच के लिए केन्द्र को पत्र लिखा है। साथ ही ई–मित्र संचालकों की जांच के लिए सरकार प्रदेशभर में स्पेशल ऑपरेशन भी चलाएगी। विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के दौरान ससंदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने यह जानकारी दी। श्री पटेल ने कहा कि फर्जी आधार कार्ड मामले की जांच सीबीआई से कराने की सिफारिश केंद्र सरकार को भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा की भविष्य में ऐसा ना हो इसके लिए सरकार हर संभव कदम उठाएगी। श्री पटेल ने कहा कि प्रदेशभर में आधार कार्ड बनाने वाले ई–मित्रों की जांच होगी। इस पर हस्तक्षेप करते हुए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि यह बेहद गंभीर विषय है और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा की ऐसे ई–मित्र संचालक जो फर्जी आधार कार्ड बना रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएं।

000

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा है कि राज्य के युवाओं को जिला स्तर पर विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। श्री बैरवा आज शाम विधानसभा में उच्च शिक्षा की अनुदान मांगों पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर फ्रेंच जर्मन जापानी सहित अन्य भाषाएं युवाओं को सिखाई जाएगी उन्होंने कहा कि उनकी सरकार उच्च शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर दे रही है। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि उन्होंने सभी अधिकारियों को महाविद्यालय का निरीक्षण करने और उनकी समस्या चिन्हित कर उसे दूर करने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले विधानसभा में उच्च शिक्षा पर हुईचर्चा में भाग लेते हुए विधायकों ने उच्च शिक्षा की विभिन्न समस्याओं को सदन में रखा साथ ही अपने क्षेत्र में चल रहे महाविद्यालय की समस्या के बारे में भी मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

000

--------------

राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी– एन टी ए ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी का केन्द्रवार परिणाम अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। एन टी ए ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद परिणाम वेबसाइट पर डाले हैं। इससे पहले न्यायालय ने एन टी ए को उम्मीदवारों की पहचान उजागर किये बिना आज दोपहर 12 बजे तक वेबसाइट पर शहरवार और केन्द्रवार परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया था। परिणाम एनटीए की वेबसाइट **neet.ntaonline.in** पर उपलब्ध हैं।

000

भरतपुर जिले की परेरा ग्राम पंचायत के सोनेरा गांव में आज कृषि विभाग की ओर से महिला कृषक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में करीब 30 महिलाओं ने भाग लिया । इस दौरान महिलाओं को खेती संबंधी जानकारी देने के साथ ही किसानों के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में भी बताया गया । प्रशिक्षण में शामिल महिला किसानों को फसलों में लगने वाले रोग की पहचान तथा उसके कीटनाशक दवाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

000

बूंदी जिले में एक सड़क दुर्घटना में एक महिला की मृत्यु हो गई। राष्ट्रीय राजमार्ग 148डी पर महाराजपुरा के पास ट्रक और कार की टक्कर से ये हादसा हुआ। हादसे में तीन लोग घायल हो गए थे। एक घायल महिला की मौत हो गई। दोनों घायलों को नैनवां में प्राथमिक उपचार देने के बाद कोटा रैफर कर दिया गया है।

000

प्रदेश में आज भी कई जगह अच्छी बारिश हुई है। श्रीगंगानगर में पिछले कई दिनों से बरसात हो रही है। जिला मुख्यालय को छोड़ आस–पास के इलाकों में आज भी पानी बरसा। सूरतगढ़ क्षेत्र में अच्छी बरसात हुई। तेज हवा से हुई बरसात से लोगों को गर्मी से राहत मिली । भीलवाड़ा में अचानक घने बादल छाने से दिन में अंधेरा हो गया। इस दौरान हल्की बारिश हुई। जिले के माण्डलगढ में मूसलाधार बरसात हुई। पाली में कई दिन की उमस के बाद आज बरसात हुई। कई जगह पानी भरने से यातायात अवरूद्ध हुआ।

टोंक में दोपहर तक तेज उमस रही। इसके बाद अचानक बादल छा गये और बूंदाबांदी शुरू हुई। मौसम विभाग ने कहा है कि पूर्वी राजस्थान में कल से 3 दिनों तक बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी। इस दौरान कोटा, उदयपुर, जयपुर, अजमेर तथा भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश और एक दो स्थानों पर बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। विभाग ने आज चित्तौडगढ, झालावाड, भीलवाडा और जैसलमेर जिलों के कुछ स्थानों पर मध्यम से तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

000

जयपुर के जवाहर कला केंद्र में 23 से 28 जुलाई तक छह दिवसीय नटराज महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जवाहर कला केन्द्र की सहभागिता में निजी संस्थाओं के संयोजन से होने वाले महोत्सव में रंगमंच, गायन और नृत्य का संयोजन देखने को मिलेगा। 23 जुलाई को मनीषा गुलयानी की कथक और मोहम्मद अमान की शास्त्रीय गायन प्रस्तुति के साथ महोत्सव का उद्घाटन होगा। 24 जुलाई से 28 जुलाई तक प्रतिदिन शाम सात बजे नाटक खेला जाएगा।

000